वर्ष- 21 अंक - 256 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 01 मार्च 2026



# मारे गए खामेनेई बेटे को मिली कमान



## अमेरिका-इजराइल हमले में बेटी, दामाद, बहू, पोती और कई कमांडरों की मौत

## ईरान में पसरा मातम, 40 दिन का शोक, बदला लेने की धमकी

रविवार ● एजेंसी

अमेरिका-इजराइल के बड़े हमले में अंततः ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत हो गई। इस हमले में खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती और कई कमांडर भी मारे गए। खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान का सर्वोच्च लीडर बना दिया गया। ईरान ने खामेनेई की मौत का बदला लेने की भी धमकी दी। खामेनेई की मौत से पूरे ईरान में मातम पसर गया। जबकि अमेरिका में जश्न मनाया जा रहा है। अरब देशों ने तीन दिन के शोक का ऐलान किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमने एक क्रूर शासक का काम तमाम कर दिया। 86 साल के खामेनेई ने 36 सालों तक ईरान की सत्ता संभाली। खामेनेई की मौत के बाद तेहरान की सड़कों पर सन्नाटा और दहशत का माहौल है। खामेनेई के समर्थन में लोग ईरान की सड़कों पर उतर गए। यहां कुछ लोग जश्न भी मना रहे हैं। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में एक हफ्ते के सार्वजनिक अवकाश और 40 दिन के सार्वजनिक शोक की घोषणा की गई है। खामेनेई की मौत की खबर देते हुए ईरान के टीवी एंकर फफक-फफककर रो पड़े।

### नया कमांडर चुना गया

अमेरिका-इजरायल के एहतियाती हमले में आईआरजीसी के कमांडर-इन-चीफ की मौत के बाद ब्रिगेडियर जनरल अहमद वहीदी को IRGC का नया कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया गया है।

### हमले जारी

खामेनेई की मौत के बाद भी इजराइल ने ईरान पर हमले जारी रखे। वहीं ईरान ने भी अमेरिकी बेस पर हमले किए। अब इस जंग में इराक भी कूद गया। इराक की रेजिस्टेंस फोर्स ने इराकी कुर्दिस्तान में अमेरिकी बेस पर हमले शुरू कर दिए हैं। एरबिल को टारगेट किया गया है।

### ये इस्लामी गणराज्य के अंत की शुरुआत

ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने खामेनेई की मौत को इस्लामिक गणराज्य के अंत की शुरुआत बताया।

## भारत पर असर लौटा विमान

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में बने युद्ध जैसे हालात का सीधा असर हवाई सेवाओं पर पड़ा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भारतीय एयरलाइंस कंपनियों को 11 देशों के एयरस्पेस में उड़ान भरने से बचने की सलाह दी, जबकि एअर इंडिया, इंडिगो, एअर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और स्पाइसजेट ने मिडिल ईस्ट के लिए अपनी उड़ानें रद्द या निलंबित कर दीं। इजराइल का हवाई क्षेत्र बंद करने के कारण एअर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान हवा में पांच घंटे बिताने के बाद मुंबई वापस लौट आई।

### कश्मीर में प्रदर्शन

खामेनेई की मौत के विरोध में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में लाल चौक पर कश्मीरी शिया मुसलमानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और ईरान के समर्थन में आवाज उठाई।



## महिला दिवस के पहले नगर निगम का आयोजन

# महापौर ने साड़ी वॉकथान को दिखाई हरी झंडी

### पिंक टोपी पहनकर साड़ी में महिलाओं ने किया वॉक, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 8 मार्च को महिला दिवस मनाया जाएगा, इससे पहले नगर निगम के द्वारा आज महिलाओं की साड़ी में वॉक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाग लेने वाली महिलाओं ने पिंक टोपी लगा रखी थी। इस आयोजन के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया गया।

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में स्वच्छता के नवाचारों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णतः बंद करने के उद्देश्य से जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विश्व महिला दिवस के पूर्व आज नेहरू स्टेडियम से डेली कॉलेज होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम परिसर तक साड़ी वाकेथान का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर निगम इंदौर एवं द वर्ल्ड ऑफ फिटनेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें शहर की महिलाओं ने साड़ी पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।






साड़ी वाकेथान का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रही। विशेष रूप से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बाय-बाय कहने और कपड़े के थैले एवं पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने का संदेश इस आयोजन के माध्यम से दिया गया।

वॉकथॉन का शुभारंभ महापौर पुष्यमित्र भार्गव, स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल एवं अपर आयुक्त प्रखर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर द्वारा उपस्थित महिलाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा दैनिक जीवन में कपड़े के झोले को अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में 500 से अधिक महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। साड़ी परिधान में महिलाओं की यह जागरूकता यात्रा शहर में आकर्षण का केंद्र रही और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करती रही। इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जब वे देश के अन्य शहरों में जाते हैं तो लोग पूछते हैं कि इंदौर स्वच्छता में लगातार सिरमौर कैसे बना हुआ है। इसका उत्तर जनभागीदारी, टीमवर्क और नागरिकों विशेषकर जागरूक महिलाओं का सहयोग है। उन्होंने कहा कि इंदौर की महिलाएं अपने घरों के साथ-साथ अपनी गलियों की स्वच्छता का भी ध्यान रखती हैं। वे गीले और सूखे कचरे को पृथक कर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों को व्यवस्थित रूप से सौंपती हैं। यही कारण है कि प्रातःकाल से आरंभ होने वाली स्वच्छता व्यवस्था रात तक सतत रूप से संचालित रहती है। महापौर ने यह भी कहा कि आज जागरूक महिलाएं निगम की सफाई मित्र बहनों के साथ साड़ी में वाकेथान कर सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार का सशक्त संदेश दे रही हैं, जो महिला शक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

#### ट्रिपल आर सेंटर एवं वेस्ट टू बेस्ट अभियान की अपील

महापौर ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों से निकलने वाले अनुपयोगी सामान को निगम के ट्रिपल आर सेंटर पर जमा करें तथा वेस्ट टू बेस्ट अभियान में सहभागी बनें। इससे न केवल कचरे में कमी आएगी, बल्कि संसाधनों का पुनः उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। आज विश्व महिला दिवस के पूर्व यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है।आज विश्व महिला शक्ति के आधार पर आगे बढ़ रहा है।

## शाह से मुलाकात के बाद प्रदेश में नेताओं के अच्छे तालमेल की उम्मीद

### बयानबाजी के बाद उठ रही थी प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर अंगुलियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कल दिल्ली से लेकर म.प्र. तक सियासी सुर्खिया इसलिए बनी रही क्योंकि गृहमंत्री अमित शाह ने दो घंटे के भीतर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से अलग-अलग मुलाकात की। इसके बाद मंत्री प्रहलाद पटेल से भी शाह ने चर्चा की। शाह की



इन तीनों से चर्चा को बीते दिनों हुई बयानबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है। शाह ने हेमंत खंडेलवाल से भी मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चा की। बयानबजारी के कारण राज्य सरकार की कार्यशैली पर अंगुलियां उठ रही थी और सरकार को बेकफुट पर आना पड़ा था। कल हुई इस मुलाकात के बाद अब सियासी गलियारों में प्रदेश के नेताओं के बीच अच्छे तालमेल की उम्मीद है।



## हृदय स्थल की खूबसूरती पर दाग-कांग्रेस नेता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता विनय मावने ने कहा कि नगर निगम द्वारा इन दिनों राजवाड़ा पर होर्डिंग के पोल लगाए जा रहे हैं। इन पर आगामी दिनों विज्ञापन दर्शाए जाएंगे। ऐसे में यह होर्डिंग राजवाड़ा की खूबसूरती पर दाग होंगे।



## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए जाखड

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नई दिल्ली स्थित एनएसयूआई के कार्यालय पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड शामिल हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष विपिन वानखेडे सहित अन्य मौजूद थे।



## कांग्रेस नेत्री का समाजजनों ने किया सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था विधि सेवा संकल्प ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए संकल्प लिया। इसी कड़ी में कल्चुरी समाज से जुड़ी कांग्रेसी नेत्री अर्चना जायसवाल का सम्मान भी किया। इस अवसर पर दिलीप राजपाल, अजय नारायण सीतलानी, कनुप्रिया सत्तन, दिलीप ठक्कर मौजूद थे।

## भाजपा ने घोषित किए 35 मंडलों के प्रभारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय जनता पार्टी के सभी 35 मंडलों के मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, अध्यक्ष सुमित मिश्रा के द्वारा मंडल प्रभारी घोषित किए गए, जिसमें बंटू सोलंकी, नागेन्द्रसिंह चौहान, राजेश चौहान, भूपेन्द्र केसरी, जयदीप जैन, विजय बिंजवा, दिलीप मिश्रा, राजूसिंह चौहान, ब्रजेश शुक्ला, डॉ. दीप्ति हाड़ा, हेमराज वाडिया, राजेन्द्र राठौर, स्वाति काशिद, विरेन्द्र व्यास, राजेश सिंघल, महेश अग्रवाल, आशीष दाणेज, डोंगरसिंह चौहान, खेमचन्द्र शादीजा, मदनमोहन प्रजापत, प्रताप राठौर, दीपक अग्रवाल, नेहा शर्मा, देवेश जाजोरिया, वासुदेव पाटीदार, कपिल पाण्डे, इम्तियाज मेमन, कैलाश पिपले, दीपांश खण्डेलवाल, सुरेन्द्रसिंह छाबडा, ठाकुरसिंह आंवलिया, प्रवीण विलायत्कर, योगेश टोरिया, यशवंत शर्मा, सर्वजीत गौड़ के नाम शामिल है।

## विजयवर्गीय ने समस्याओं का निराकरण करने के दिए निर्देश



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय विधानसभा 1 के विभिन्न वार्डों में इन दिनों दौरा कर रहे हैं। कल वे वार्ड 12 के कई स्थानों पर पहुंचे, जहां जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि जनसंवाद का मूल उद्देश्य लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना है। विजयवर्गीय ने अधिकारियों को पेयजल और ड्रेनेज की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। नई सड़क बनवाने की मांग जब क्षेत्रीय रहवासियों ने की तो इसके लिए भी उन्होंने जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। बेक लेन में सफाई की शिकायतों का निराकरण 15 दिन के भीतर करने को कहा। रहवासियों ने जब कई जगह नल कनेक्शन नहीं होने की बात कही तो उन्होंने क्षेत्र में कैम्प लगाकर नल कनेक्शन देने को कहा।

# युद्ध के हालात से भारत के बाहर गए लोगों के परिजनों की बढ़ी चिंता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अमेरिका और ईरान में जंग के कारण कई देशों पर इसका असर हो रहा है। भारत का भी कुछ देशों से हवाई सम्पर्क बिगड़ गया है। खासतौर पर दुबई एयरपोर्ट बंद होने के कारण

**इंदौर के नेता और रियल एस्टेट कारोबारी भी फंसे**

यहां से फ्लाइट का संचालन नहीं हो रहा है, जिसके कारण इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल और रियल एस्टेट कारोबारी दुबई में अटके हुए हैं। युद्ध के हालातों की खबरों से भारत के बाहर रहने वाले लोगों के परिजनों की चिंता बढ़ गई है। इंदौर में रहने वाले परिजन चाह रहे हैं कि कैसे भी उनके लोग घर आ जाए। हालांकि स्थाई सरकारों ने एडवाइजरी जारी की है। इधर शारजाह से इंदौर आने वाली फ्लाइट में भी कई लोग शहर के आने वाले थे, लेकिन वे भी फ्लाइट कैंसल होने के बाद नहीं पहुंच सके।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की दिल्ली में रैली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के इन्दौर कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने का आव्हान किया गया। मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में रैली आयोजित की जा रही है। बैठक में कैलाश लिम्बोदिया ने इन्दौर के अलावा आसपास के अन्य जिलों से दिल्ली जत्थे के रूप में पहुंचने की रुपरेखा तैयार की। इस अवसर पर अरुण चौहान, जसविंदरसिंह, मांगीलाल नागावत, राम त्यागी, भागीरथ कछवाह, काशीराम नायक, परेश टोकेकर मौजूद थे।

## मुक्तिधाम के कार्यों का किया निरीक्षण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छोटा बांगड़दा मुक्तिधाम में विधायक मनोज पटेल द्वारा दो करोड़ रु. की लागत से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुकेश धारकर, नितिन धारकर ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया और ठेकेदार को अच्छी गुणवत्ता के साथ काम करने को कहा और आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर फोकस किया गया।

# भागीरथपुरा मामले में कांग्रेस ने अब तक नहीं लगाई कोई आपत्ति

## राहुल गांधी का वादा भूली कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भागीरथपुरा मामले में भाजपा को घेरने और मंत्री का इस्तीफा मांगने वाली कांग्रेस राहुल गांधी से किया वादा ही भूल गई। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा गठित जांच आयोग के सामने कोई आपत्ति ही नहीं लगाई। कांग्रेस के इस रवैये के बाद एक बार फिर कांग्रेस संगठन चर्चा का विषय बन गया।

भागरीथपुरा कांड में शासन द्वारा करीब 22 मौते दूषित पेयजल से मानी गई। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 35 लोगों की मौत हुई है। इस मामले में राहुल गांधी भी भागीरथपुरा पहुंचे थे तब उन्होंने पीड़ित परिवारों से कहा था कि कांग्रेस न्याय दिलवाने की लड़ाई लड़ेगी, लेकिन हालात यह बने कि कांग्रेस के किसी नेता ने जांच आयोग के सामने आपत्ति ही नहीं लगाई। अब तक जांच आयोग के दफ्तर पर कोई आपत्ति नहीं लगी है। आपत्ति के अलावा शिकायत या सुझाव तक नहीं पहुंचे हैं। आयोग के पास स्थानीय रहवासियों की शिकायत जरूर पहुंची है। इस मामले में हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर जांच आयोग का गठन किया था। इसकी अगली सुनवाई 5 मार्च को होना है। शिकायत का अंतिम समय 28 फरवरी दिया था।






## केन्द्रीय मंत्री का महिला कांग्रेस ने किया पुतला दहन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन प्रकरण में जुड़ने के बाद महिला कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। सोनिला मिमरोट भाटिया ने बताया कि हम उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। कांग्रेस नेत्रियों ने नारेबाजी क़र मंत्री के इस्तीफे के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।**

# इस वित्तीय वर्ष की अंतिम लोक अदालत 14 मार्च को

## बकाया कर जमा करने पर मिलेगी छूट, निगम ने शुरू की तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इस वित्तीय वर्ष की अंतिम लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित की जा रही है इस लोक अदालत में बकाया टैक्स जमा करने पर नागरिकों को छूट दी जाएगी। इंदौर नगर निगम के द्वारा इस लोक अदालत में अधिक से अधिक राशि वसूल करने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल एवं राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि शासन निर्देशानुसार 14 मार्च को नगर निगम के समस्त 22 झोनल कार्यालय, रजिस्टार कार्यालय व निगम मुख्यालय पर नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत राज्य शासन निर्देशानुसार निगम के समस्त झोनल कार्यालय, निगम मुख्यालय पर 14 मार्च नेशनल लोक अदालत में संपतिकर अधिभार (सरचार्ज) में छूट दी जा रही है। इस वित्तीय वर्ष की यह अंतिम लोक अदालत है। इस लोक अदालत में वे सभी नागरिक भी अपना टैक्स जमा कर सकेंगे जिन्होंने इस वित्तीय वर्ष का संपत्ति कर अथवा जलकर जमा नहीं किया है। इस लोक अदालत में टैक्स जमा करने पर चालू वित्तीय वर्ष में जो अधिकार लगना है वह नहीं लगेगा।

इंदौर नगर निगम की वित्तीय स्थिति इस समय सबसे ज्यादा खराब है। ऐसे में नगर निगम की कोशिश है कि इस लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक की राशि का संग्रहण कर लिया जाएं। यदि निगम को इस लोक अदालत से अच्छा राजस्व प्राप्त हो जाता है तो निगम को अपना कार्य संचालित करने में आसानी होगी।

### पिछली बार हुई थी 100 करोड़ की कमाई

पिछली बार लोक अदालत के समय पर तत्कालीन निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के द्वारा बनाई गई रणनीति के अनुसार निगम में काम किया था। उस समय नगर निगम के द्वारा एक इतिहास रचा गया था। उस समय पर लोक अदालत से नगर निगम को एक दिन में 100 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी। अब एक बार फिर नगर निगम अपने इस इतिहास को दोहराने की कोशिश कर रहा है।



## विधायक शुक्ला का रतलाम में भाजपाइयों ने किया स्वागत

**इंदौर। विधायक गोलू शुक्ला कल रतलाम प्रवास पर थे। इस दौरान रतलाम के भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया।**



## कवि सम्मेलन में पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता शिवनारायण डिंगू के जन्मदिन पर आयोजित कवि सम्मेलन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जीतू जिराती, श्रवणसिंह चावड़ा, सुमित मिश्रा, मनोज ठाकुर ने शिरकत की। इस दौरान सभी ने डिंगू को बधाई दी।

# हड़ताल भले ही रद्द हुई, लेकिन ऑपरेटरों ने जमकर उठाया फायदा

## हर घंटे में बदल रहा था किराया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बस ऑपरेटरों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 2 मार्च से हड़ताल करने की चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बस ऑनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई, जिसमें कुछ मांगों पर मौखिक रूप से सहमति बनने के बाद हड़ताल रद्द की गई। इधर त्योहार के मद्देनजर बस ऑपरेटरों ने हड़ताल के लिए बने माहौल में जमकर फायदा उठाया। कल शनिवार होने के कारण बसों में यात्रियों की संख्या ज्यादा होती है इसके अलावा कल होली का त्योहार मनाया जाएगा। ऐसे में बस ऑपरेटरों ने हड़ताल से पहले जमकर फायदा उठाया और कल तो हालात यह बने कि कुछ घंटों में ही बसों का किराया बढ़ता हुआ नजर आया।

## विधायक ने की फाग उत्सव में शिरकत



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक मालिनी गौड़ ने कल अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित फाग उत्सवों में शिरकत की। गौड़ अधिवक्ता होली मिलन समारोह में पहुंचीं। इसके अलावा सुदामा नगर और पंचमूर्ति नगर में आयोजित फाग उत्सव में भी गौड़ ने शिरकत की।








## बलवा परेड...पुलिस ने की त्योहार से पहले तैयारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शहर में पुलिस बल द्वारा लगातार रिहर्सल की जा रही है। आज सुबह झोन-04 के 9 थाना के पुलिसबल ने बलवा परेड दशहरा मैदान पर की। अन्नपूर्णा, पंढरीनाथ, जूनी इंदौर, रावजी बाजार, छत्रीपुरा थाना का बल मौजूद था।

## युवती का मोबाइल छीनकर भाग रहे दो बदमाशों को जनता ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के मंगल नगर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं, लेकिन जनता की मुस्तैदी के आगे उनकी एक न चली। एक युवती से मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।**

बताते है कि मंगल नगर इलाके में एक युवती से मोबाइल छीनकर दो बदमाश बाइक पर तेजी से भाग रहे थे। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बदमाशों का पीछा किया। जनता ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों की भीड़ ने जमकर धुनाई भी की, जिसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। भंवरकुआं पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## बस ने बाइक को मारी टक्कर गुस्साए लोगों ने तोड़े कांच

**इंदौर।** महू-सिमरोल रेलवे ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड पर कल दोपहर एक तेज रफ्तार उप नगरीय बस ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद गुस्साए प्रत्यक्षदर्शियों और राहगीरों ने बस पर पथराव कर उसके कांच फोड़ दिए। पुलिस के मुताबिक, पीथमपुर से महू की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सर्विस रोड पर आगे चल रहे बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के समय बस में करीब दो दर्जन यात्री सवार थे। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने मौके पर हंगामा कर दिया और बस के कांच तोड़ दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है।

## बजरंगियों ने पकड़ा मांस से भरा पिकअप वाहन





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आज सुबह राऊ गोल चौराहा पर मांस से भरे पिकअप वाहन को रोका और जांच की, जिसके बाद वाहन में मांस भरे होने पर हंगामा मच गया। आशीष ठाकुर ने बताया कि सूचना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने वाहन में गौमांस होने का आरोप लगाया जो महू से इंदौर के बम्बई बाजार पहुंचाया जा रहा था। मौके पर हंगामा मचा तो पुलिस भी पहुंची। बजरंगियों ने पिकअप वाहन को पुलिस थाना पहुंचाया। वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। बजरंग दल कार्यकर्ता प्रदीप ठाकुर, आकाश ठाकुर, अंकित जेसवाल, अंकुश जेसवाल, सोनू लहासे मौके पर मौजूद थे।

## फिर बदमाशों ने फोड़ी गाड़ियां




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चंदननगर थाना क्षेत्र के रामानन्द नगर में बदमाशों ने फिर मोहल्ले में खड़े चार पहिया वाहन को निशाना बनाया। बिते दिनों भी इसी क्षेत्र में बदमाशों ने वाहन पर पत्थर बरसाए थे और उनके कांच फोड़ दिए थे, जिसके आरोपी का पुलिस ने जुलूस भी निकाला था, लेकिन बीती रात फिर कांच फुटने की घटना हुई है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को हिरासत में लिया है, हालांकि पुलिस ने फिलहाल इस मामले में कोई पुष्टि नहीं की है।

## दिनदहाड़े चोरी, ताला तोड़कर सामान ले उड़े बदमाश

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के पटेल नगर में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाश दिनदहाड़े घरेलू सामान चोरी कर ले गए। फरियादी ब्रजभूषण पारिख ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 9:30 बजे घर से निकले थे, जब शाम 7 बजे लौटे तो मकान नंबर 35 का ताला टूटा मिला। भीतर सारा सामान बिखरा हुआ था और कीमती सामान गायब था। एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## मोबाइल पर लिंक खोलते ही बुजुर्ग के बैंक खाते से उड़े 14 लाख

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग क्रो मोबाइल पर आए अज्ञात ऑनलाइन लिंक को खोलना भारी पड़ गया। लिंक क्लिक करते ही उनके बैंक खाते से 14 लाख 5 हजार 500 रुपये पार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, धोखाधड़ी की यह वारदात 9 दिसंबर को हुई थी। फरियादी पवन पिता ओमप्रकाश अग्रवाल (62), निवासी बीसीएम पैराडाइज निपानिया ने सायबर जोन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद जीरो कायमी के तहत मामला विजयनगर थाने को सौंपा गया।

### लिंक क्लिक करते ही खाते से गायब हुई रकम

थाना प्रभारी चंद्रकांत पाटिल ने बताया कि फरियादी के मोबाइल पर अज्ञात आरोपी ने एक लिंक भेजी थी। अनजान ऑनलाइन लिंक खोलते ही बुजुर्ग के खाते से रकम फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## बुजुर्ग से 1.80 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर।** महू में भी एक बुजुर्ग से 1. 80 लाख की ऑन लाइन धोखाधड़ी हो गई। पुलिस के मुताबिक वारदात फरियादी अभिमन्यु दास पिता हरिहर (65) निवासी साई श्रृदा पैलेस कॉलोनी गुजरखेडा के साथ 24 फरवरी की शाम को हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर के धारक ने आनलाइन धोखाधड़ी कर कुल 1 लाख 80 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। थाने की सायबर डेस्क की मदद से तकनीकी और अन्य बिंदुओं पर जांच शुरू की जा रही है।

# पहाड़ जैसी डिजाइन वाले डिवाइडर का काम फिर शुरू

## इंदौर में जेड ब्रिज के बाद दूसरा 'मुजस्मा', यातायात विशेषज्ञ बोले–डिवाइडर बनेंगे हादसों की वजह

### कुलकर्णी भट्टा रोड पर पांच माह पहले रोका गया था काम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इंदौर का पोलग्राउंड रेलवे ओवरब्रिज अपनी विशेष डिजाइन के कारण काफी चर्चा में रहा है। इसके बाद शहर में एक और 'मुजस्मा' तैयार किया गया, जिसमें पहले से बने डिवाइडर के ऊपर नया डिवाइडर बनाकर उसे पहाड़ जैसी आकृति दी गई। इस डिजाइन पर सवाल उठने के बाद करीब पांच माह पहले काम रोक दिया गया था, लेकिन अब कुलकर्णी भट्टा वाली सड़क पर फिर से पहाड़नुमा डिवाइडर का निर्माण शुरू कर दिया गया है। यातायात विशेषज्ञों ने नगर निगम से एक बार फिर काम रुकवाने की मांग की है। उनका कहना है कि डिवाइडर की ऊंचाई लगभग 5 फीट हो चुकी है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है।

### मानक ऊंचाई तीन फीट

स्ट्रक्चरल इंजीनियर अतुल सेठ के अनुसार इंडियन रोड कांग्रेस के नियमों के मुताबिक डिवाइडर की ऊंचाई 3 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। इससे ज्यादा ऊंचाई होने पर कार सहित अन्य वाहन चालकों को साइड से दृश्य स्पष्ट नहीं दिखता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि यहां पहले से 3 फीट ऊंचा डिवाइडर बना हुआ था, जिसके ऊपर लगभग 2 फीट और निर्माण कर दिया गया है। नगर निगम को ऐसे अमानक डिवाइडरों को तत्काल हटाना चाहिए।

### निगम ने कहा–काम रुकवाया जाएगा

नगर निगम के जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि डिवाइडर के ऊपर डिवाइडर बनाना नियमों के विरुद्ध है। कुछ माह पहले गलत डिजाइन के कारण निर्माण कार्य रुकवाया गया था। अब फिर से काम शुरू होने की जानकारी मिली है, इसे तत्काल रुकवाया जाएगा।

### चार दिनों से जारी था निर्माण

परदेशीपुरा चौराहा के पास सुभाष नगर पानी की टंकी के आगे भंडारी ब्रिज वाली सड़क पर पहले 4 फीट ऊंचे डिवाइडर बनाए गए। इसके बाद कुलकर्णी भट्टा से भंडारी ब्रिज तक पहाड़ के आकार वाले डिवाइडरों का निर्माण पिछले चार दिनों से किया जा रहा था। अब यह लगभग तैयार हो चुका है। सूत्रों के अनुसार यह काम जोन स्तर से चुपचाप कराया जा रहा था। हालांकि इस संबंध में अधिकारी खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं। निगम जनकार्य समिति के प्रभारी राजेन्द्र राठौर ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना-** अमानक डिजाइन के डिवाइडर कितनी लागत से बनाए जा रहे हैं, इसकी जानकारी संबंधित जोन इंजीनियर से ली जाएगी। काम किसकी अनुमति से शुरू हुआ, इसकी भी जांच होगी।

**-अभय राजनगांवकर,अपर आयुक्त, जनकार्य विभाग**

डिवाइडर दीवार की तरह बना दिए गए हैं, इससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। पहले भी अमानक डिजाइन के कारण काम रोका गया था। निगम आयुक्त को मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

**-अतुल सेठ, स्ट्रक्चरल इंजीनियर**

# विश्रामबाग स्विमिंग पूल निर्माण की धीमी रफ्तार पर उठ रहे सवाल : 5 साल बाद भी पूरे नहीं हुए काम

## 75 फीसदी से ज्यादा तैयार, बावजूद नहीं ले पाएंगे लोग गर्मी में नए पूल का मजा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा चार के महूनाका सुदामानगर क्षेत्र के हजारों रहवासियों के लिए विश्रामबाग में लंबे समय से साढ़े नौ करोड रुपए की लागत से पिछले 5 साल से निर्माणधीन नए स्विमिंग पूल निर्माण की रफ्तार इतनी धीमी है, कि अभी भी यहां कई काम अधूरे हैं। जिसको लेकर अब क्षेत्र के रहवासी सवाल उठा रहे है। लोगों का साफ कहना है कि आखिर कब पूरा होगा स्विमिंग पूल निर्माण का काम पूरा। अब तो लोगों के इंतजार की इंतहा हो गई।

गौरतलब है कि विश्राम बाग बगीचे में निगम द्वारा पिछले 4-5 साल से क्षेत्र के रहवासियों के लिए लंबा चौड़ा शानदार गार्डन बनाने के बाद वहां लोगों के लिए करीब साढ़े नौ करोड की लागत से आधुनिक सुविधाओं वाले नए स्विमिंग पूल का निर्माण किया जा रहा है। जिसका वर्तमान में करीब 75 फ़ीसदी के आसपास काम लगभग पूरा हो चुका है। हालांकि बावजूद इसके काम की रफ्तार देखकर नहीं लग रहा है कि पूल निर्माण के बचे काम अगले दो-तीन माह में भी पूरे हो पाएंगे। जिससे इतना तो तय है कि महूनाका और सुदामा नगर क्षेत्र के रहवासी इस साल भी लंबे समय से निर्माणाधीन नए स्विमिंग पूल में तैरने का मजा नहीं ले पाएंगे।



### इस बार भी गर्मी के सीजन में नहीं मिल पाएगी सौगात

दरअसल निगम द्वारा दो साल पहले विश्राम बाग में करोड़ों रुपए की लागत से पांच से छह एकड़ में तैयार लंबे - चौड़े बगीचे में क्षेत्र के रहवासियों लिए करीब 9.50 करोड रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं वाले नए स्विमिंग पूल की सौगात देने की तैयारी थी। जिसको लेकर वैसे तो निगम ने काम साल 2019-20 में ही शुरू कर दिया था। हालांकि बीच में कोरोना काल के दौरान डेढ़ 2 साल तक काम पूरी तरह से ठप रहा और कई बार काम बंद भी रहा और यहां तक की ठेकेदार एजेंसी को बदला गया, उसके बाद काम ने रफ़्तार जरूर पकड़ी और वर्तमान में 75 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो भी चुका है। उसके बावजूद इतने समय बाद भी अभी भी कई काम अधूरे है,जिसको लेकर अब क्षेत्र के रहवासी सवाल उठा रहें है।

### अभी फिल्टर प्लांट लगाने से लेकर फिनिशिंग कार्य है बाकी

इधर, प्रोजेक्ट से जुड़े निगम अधिकारियों का कहना है कि पूल का निर्माण लेट जरूर हो गया है, लेकिन उनके हिसाब से पूल का काम आज की स्थिति में करीब 75 फ़ीसदी के आसपास पूरा हो चुका है। यही नहीं दोनों बड़े स्विमिंग पूल बनकर तैयार भी है। लेकिन अभी दोनों पूल की फिनिशिंग से लेकर अन्य कई छोटे - मोटे काम अभी बाकी है। जिसमें पूल के भीतर और बाहर लाइटिंग लगाई जाना है। इसके अलावा फिल्टर प्लांट लगाने सहित अन्य काम बाकी है। इसके अलावा भी कई काम है जो पूरा होने में अभी कम से कम दो से तीन माह का समय और लग सकता है। जिससे इतना तय है कि इस साल भी गर्मी में नया पूल आधे से ज्यादा तैयार होने के बावजूद इसके चालू होने के आसार नहीं है।

---

## अजयबाग और जगदीशपुरी कॉलोनी में सड़क निर्माण की मंजूरी के बाद भी शुरू नहीं हो पा रहे काम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 52 से जुड़े प्रमुख क्षेत्र अजयबाग कालोनी, एक्सटेंशन और जगदीश पुरी मैन कालोनी सहित अन्य एरिया की करीब आधा दर्जन गलियों में निगम द्वारा लंबे समय से सीमेंटेड सड़क निर्माण की फाइल मंजूर कर रखी है, लेकिन काम शुरू नहीं हो रहा है। यहां तक की कई जगह के तो वर्क आर्डर भी जारी हों चुके है। उसके बावजूद ठेकेदार के अटके पेमेंट के चक्कर में एक भी जगह सड़क निर्माण का काम लंबे समय से शुरू नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर इन कालोनियों के रहवासी नाराज है। लोगों का कहना है कि जब सड़क का काम मंजूर है तो फिर सड़क क्यों नहीं बनाई जा रही है।

इधर,कई जगह ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डालने का पहले ही हो चुका है काम जबकि कई जगह क्षेत्र में रहवासियों और क्षेत्रीय पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी की मांग पर ड्रेनेज लाइन डालने और नर्मदा लाइन डालने का काम पहले ही पूरा हो चुका है। यही नहीं इसीलिए हालत यह है कि कई जगह खुदी हुई ऊबड़-खाबड़ सड़क की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। इसलिए यहां के लोग गलियों में नई सड़क बनाने की मांग लंबे समय से कर रहें है।

**पार्षद बोली:आधा दर्जन गलियों में सड़क निर्माण की फाइल मंजूर, बावजूद शुरू नहीं हो रहे काम-** वार्ड 52 की पार्षद सावित्री चौधरी का कहना है कि वार्ड की जगदीशपुरी कालोनी, अजयबाग कालोनी की तीन से चार गालियों सहित अन्य कालोनियों की मिलाकर लगभग 50 से 60 लाख रुपए की लागत से इन जगह सड़क निर्माण की फाइल निगम में लंबे समय से मंजूर होने के बाद भी काम शुरू नहीं हो रहे है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी निगम के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

---

# एबी रोड़ के दोनों ब्रिज निर्माण कार्य ने अब पकड़ी रफ्तार

## करोड़ों रुपए की लागत वाली कई आधुनिक मशीनों से हो रहा गर्डर चढ़ाने का काम

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर में एबी रोड पर हजारों वाहन चालकों को आने वाले दिनों में ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत देने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से निर्माणधीन दोनों फ्लाई ओवर निर्माण कार्य ने अब रफ्तार पकड़ ली है। जिसके तहत वर्तमान में सत्य साईं चौराहे से ज्यादा देवास नाका चौराहे पर बन रहा है फ्लाईओवर निर्माण का कार्य और ज्यादा तेजी से चल रहा है। वर्तमान में यहां करोड़ों रुपए की लागत से बाहर से मंगाई गई आधुनिक मशीनों से गर्डर स्पान चढ़ाने का काम इन दिनों दिन रात तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत एमपी आरडीसी के प्रोजेक्ट से जुड़े अफसर भले ही यह दावा कर रहें है कि आने वाले तीन चार माह में जून-जुलाई के आसपास ब्रिज निर्माण का काम हर हाल में पूरा करवाने के हमारे प्रयास रहेंगे, लेकिन अभी कई काम बाकी है, अभी आधी गर्डर लांच होना बाकी है। यही नहीं दोनों ब्रिज के कई छोटे बड़े काम होने बाकी है। जिससे बारिश बाद ही दोनों चौराहे पर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य पूरा होने के आसार है।



### देवासनाका से विजयनगर की ओर भुजा वाली सड़क का शुरू हो गया निर्माण

जबकि देवासनाका से सत्यसाईं की ओर एक भुजा की उतार वाली सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ शुरू होने लगा है। वहीं बड़े हिस्से में दोनों तरफ पिलर बनाने का काम पहले से तेजी के साथ चल रहा है। यही नहीं अब बीच के बड़े हिस्से में दोनों तरफ गुजरात से मंगवाई करोड़ों रुपए लागत वाली कई आधुनिक बड़ी मशीनों से ब्रिज निर्माण का कार्य नई तकनीक के पहले से दुगनी तेजी के साथ किया जा रहा है। यही नहीं बड़े हिस्से में विजय नगर वाली साइड भुजा के उतार वाले हिस्से में सड़क निर्माण का काम ने भी अब रफ़्तार पकड़ ली है लेकिन आने वाले दिनों में बारिश के दौरान काम की रफ्तार धीमी पड़ेंगी। जिससे अफसरों का जून जुलाई तक फ्लाई ओवर निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने का दावा पूरा होता फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। जबकि बारिश बाद सितंबर - अक्टूबर के आसपास जरूर ब्रिज के काम पूरे हो सकते है। अब देखना होगा कि एमपी आरडीसी के अफसरों का दावा पूरा होता है या नहीं। हालांकि फिलहाल तो काम पहले से ज्यादा तेजी से हो रहा है।


## समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से सम्बंधित विवरण

**घोषणा**

**फार्म-4**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थल | - | 242-243 जवाहर मार्ग राजमोहल्ला चौराहा इन्दौर |
| 2. | प्रकाशन अवधि | - | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | - | महेश मूंगड़ |
| | क्या भारत का नागरिक है | - | हां |
| | पता | | 242-243 जवाहर मार्ग राजमोहल्ला चौराहा इन्दौर |
| 4. | प्रकाशक का नाम | - | महेश मूंगड़ |
| | क्या भारत का नागरिक है | - | हां |
| | पता | - | 242-243 जवाहर मार्ग राजमोहल्ला चौराहा इन्दौर |
| 5. | सम्पादक का नाम | - | महेश मूंगड़ |
| | पता | - | 242-243 जवाहर मार्ग राजमोहल्ला चौराहा इन्दौर |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो। | - | महेश मूंगड़ 242-243 जवाहर मार्ग राजमोहल्ला चौराहा इन्दौर |

मैं **महेश मूंगड़** एतद द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

**दिनांक 1 मार्च 2026**

**हस्ताक्षर**
**महेश मूंगड़**
**(प्रकाशक के हस्ताक्षर)**

# होलिका दहन कल... सैकड़ों जगह बनेगी होली

## कंडे की होली का दहन कर पर्यारण संरक्षण का संदेश, आज फाग उत्सव के कई कार्यक्रम, बाना भी निकलेंगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर में कल सैकड़ों जगह होलिका दहन किया जाएगा। शाम को राजवाड़ा पर होलिका दहन होगा, जिसके बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कंडे की होली बनाने का संकल्प कई संस्थाओं द्वारा लिया गया है। एमआईजी कालोनी स्थित सार्वजनिक प्राचीन पंचदेव मंदिर की पुजारी रमा दीदी ने बताया कि इस वर्ष भी होलिका दहन में गोबर के कंडों का उपयोग किया जाएगा। क्षेत्रीय लोगों द्वारा विधि विधान और पूजन के साथ



दहन होगा। आज शहर में फाग उत्सव के भी सैकड़ों कार्यक्रम होंगे। उल्लेखनीय है कि कल होलिका दहन से पहले आज रविवार होने के कारण सैकड़ों जगह फाग उत्सव के कार्यक्रम होंगे। कई सामाजिक संस्था, समाज और मंदिरों में यह आयोजन हो रहे हैं। कल मल्हारगंज क्षेत्र से रंगारंग बाना भी निकाला जाएगा।

**छावनी में निकलेगी फाग यात्रा-** मनकामनेश्वर महादेव मंदिर छावनी से मंगलवार शाम 7 बजे फाग यात्रा निकाली जाएगी। फ्रेंड्स सत्संग मंडल द्वारा यह यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें झांकी, भजन मंडली के अलावा तोप से गुलाल बरसेगी। राधाकृष्ण की झांकी भी यात्रा में शामिल होगी।

वैष्णवजन का फाग उत्सव आज गौवर्धननाथ मंदिर से जुड़े वैष्णवजन आज शाम को बालकृष्णबाग में फाग उत्सव मनाएंगे। सुबह 11 बजे से 5 बजे तक यमुनाजी का पाठ होगा, जिसके बाद संत सम्मान और प्रवचन होंगे। शाम 7 बजे प्रभु के मनोरथ दर्शन के बाद फाग उत्सव मनाया जाएगा। गोस्वामी दिव्येशकुमार महाराज, प्रियव्रजराय बाबा और अनुश्रुत बाबा के सानिध्य में कार्यक्रम होगा।

**नवरत्नबाग में 3 को दहन-** ज्यादातर जगह होलिका दहन कल 2 मार्च को होगा, मंगलवार को ग्रहण होने के कारण होलिका दहन के चुनिंदा ही कार्यक्रम है। विजय मारुति हनुमान मंदिर नवरत्न बाग के मंगलदास महाराज खाकी ने बताया कि 3 मार्च को होलिका दहन होगा।



### शनि भक्तों ने संत संग खेला फाग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उषा नगर स्थित गजासीन शनि मंदिर में कल शनिवार को फाग उत्सव मनाया गया। शनि भक्तों ने महामंडलेश्वर दादू महाराज को गुलाल लगाई। वहीं दादू महाराज ने भी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद स्वरूप रंग में रंग दिया। शाम 7 बजे आरती के बाद भजन गायक सौरभ दुबे ने फाग गीतों की प्रस्तुति दी। ठंडाई का वितरण भी किया गया। उक्त जानकारी माधव इंदौरी ने दी।

### माँ अंजनी की गोद में पितरेश्वर हनुमान के दर्शन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पितृ पर्वत स्थित पितरेश्वर हनुमान मंदिर पर कल वार्षिकोत्सव मनाया गया। मां अंजनी की गोद में पितरेश्वर हनुमान ने दर्शन दिए। 1100 दीपों से महाआरती की गई। माँ अंजनी रसोई सजाई गई।

### 550 ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फार भारत फाउंडेशन द्वारा मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से अग्रवाल समाजजनों को मुक्ति दिलाने के लिए नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन पर किया। शिविर में 32 तरह की निशुल्क जांच की गई जिसका 550 लोगों ने लाभ लिया। अगला शिविर 14 और 15 मार्च की आनंद नगर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद अग्रवाल, किशोर गोयल, गोविन्द सिंघल, संजय बांकड़ा, शीतल तोडीवाला, महेश मित्तल, प्रवीण मिश्रा, आशीष मित्तल मौजूद थे।



### सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय लिम्बोदी की वरिष्ठ शिक्षिका प्रेमलता धारीवाल सेवानिवृत्त हुई। इस अवसर पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान राजेन्द्र राणा, संध्या जायसवाल, विष्णुप्रसाद, सनवर, मेघा तंवर, अमरीष शर्मा, राजेश कल्याणे, अर्चना दुबे, रिनोदकुमार सोनगीर सहित अन्य मौजूद थे।





### श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एनजीओ सेवा सप्ताह के अन्तर्गत म.प्र. एनजीओ महासंघ द्वारा कल पितृ पर्वत पर शाम को दृष्टिबाधित और दिव्यांग बच्चों द्वारा सामूहिक हनमान चालीसा का पाठ किया गया।

### दूसरों की भलाई से स्वंय की भलाई होती है -महेन्द्र ऋषि



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इमली बाजार स्थित महावीर भवन में युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरों की भलाई से स्वयं की भलाई होती है। कितना भी बड़ा मनुष्य हो अंतिम समय सभी का एक समान होता है। इस अवसर पर प्रकाश भटेवरा, रखबचंद, रमेश भंडारी, अशोक मंडलिक, सुभा, विनायका मौजूद थे।



### सालासर बालाजी महादेव मंदिर पर धार्मिक उत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पिपलियाहाना चौराहा स्थित चौहान नगर में सालासर बालाजी महादेव मंदिर पर धार्मिक आयोजन हुआ। इस दौरान हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं शाम को भंडारे का आयोजन हुआ।

### सोशल ग्रुप फेडरेशन की बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अ. भा.जैन श्वेतांबर सोशयल ग्रुप्स फेडरेशन की सेंट्रल जनरल कॉन्सिल मीटिंग महावीर बाग पर मैत्री से संगठन और संगठन से सेवा रूपी ध्येय सूत्र के साथ हुई। मंगलाचरण से प्रारंभ हुई मीटिंग में देश के विभिन्न ग्रुपों से सैकड़ों की संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रकाश भटेवरा,पीयूष जैन, संजय नाहर, अशोक मोदी, राजेन्द्र जैन, नरेन्द्र संचेती, वीरेन्द्र जैन, मोनिका मेहता, नरेंद्र भंडारी, कांता बांठिया, प्रभात चोपड़ा, विनोद जैन, अनिल जैन, अनिल सामोता, सुनील तातेड, कमलेश कोठारी, तरुण कीमती, डॉ. शरद डोसी, निर्मल पगारिया, गौरव दुग्गड, विनोद मेहता, संजय सिरोलिया, रेणु जैन, नीलू जैन, सुनीता नाहर, चित्रा जैन, छाया जैन मौजूद थे।





### मासूमों ने रखा पहला रोजा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मासूम अलायना खान और अलीफा खान ने पवित्र रमजान माह में कल पहला रोजा रखा। इस मौके पर रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जानकारी इसरार ठेकेदार ने दी।

### सदाबहार ग्रुप के सदस्यों का जन्मदिन मनाया



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कीम नंबर 140 स्थित आनंदवन-2 के सदाबहार ग्रुप द्वारा फरवरी माह में जन्मे सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान तम्बोला सहित कई मनोरंजन गैम्स खिलाए गए। फाग उत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर तारकेश्वर सिंह, आशा-विनोद खंडेलवाल, आभा-केके अरोरा, प्रिया-प्रवीण भागवत, कनक-प्रफुल्ल भार्गव, निशा-मुकेश खंडेलवाल, रजनी-केशव गुप्ता, निशा-ब्रिगेडियर सिंह, अर्चना-श्रीकांत मराठे, ममता-मुकेश गंगराड़े, कैलाश जिंदल, मधु-प्रवीण भार्गव, डॉ. विश्वकर्मा, किरण गुजराती, सुरेश कुकरेजा उपस्थित थे।

# चित्र एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स आई.पी.एस. अकादमी में चित्र एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी 'रूपक' का आयोजन किया गया। नवीना गंजू ने बताया कि प्रदर्शनी में 110 विद्यार्थियों की 150 चित्रकृतियाँ एवं 25 मूर्तियाँ प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी में डाली गुर्जर, यश सोलंकी, अनूज खरे, अंजलि गुप्ता, सलोना माहेश्वरी, रुचिका यादव, प्रीति धारीवाल, संस्कृति शेशा, अभिषेक पाटीदार, अनुष्का खंडेलवाल, साक्षी चावड़ा, अली असगर, वैष्णवी पाटीदार, मानसी सिसोदिया, वैशाली प्रजापत, आशी पाराशर, जयश्री सिसोदिया, पीयूष तापड़िया, पूर्वी दवानी, नंदनी गुप्ता, सौम्या मौर्य, मोनिका पाटीदार, रिया शुक्ला, निशा मित्तल और श्रेया माहेश्वरी सहित अनेक विद्यार्थियों की कलाकृति आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर अचल चौधरी, पूजा मोहन, मीरा गुप्ता, जगदीश छाबरिया, अमित गंजू मौजूद थे।





# मथुरा-वृंदावन यात्रा के लिए बैठक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आगामी 5से 8 मार्च तक गोपाल मुक्ति अग्रवाल द्वारा संस्था परिवार के 450 सदस्यों को मथुरा वृंदावन, बरसाना और गोकुल की यात्रा करवाई जाएगी।यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नीलेश प्रज्ञा अग्रवाल, शेखर सोनम गोयल, उमेश सीमा अग्रवाल, राजेश नम्रता गर्ग, आरती अरुण गोयल,पिंकी पंकज अग्रवाल को यात्रा प्रभारी बनाया गया।



## जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ श्री कल्याण संघ के निर्विरोध चुनाव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक खरतरगच्छ श्रीसंघ के निर्वाचन में सुरेश डोसी को सर्वानुमति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा 15 सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। उक्त जानकारी धर्मेन्द्र मेहता, सतीश हुंडिया ने दी।

# माहेश्वरी कुटुम्ब का

## होलिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम आज

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आज शाम स्कीम नं. 71 स्थित निजी गार्डन में माहेश्वरी कुटुम्ब द्वारा होलिकोत्सव रंगारंग निशा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शारदा-प्रकाश अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम में राधारमण टोली के 24 कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा वृंदावन की महिला कलाकारों की विशेष प्रस्तुति भी होगी।



## संत का मंगल जुलूस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुनि व्रजरत्न सागर म.सा. का मंगल जुलूस सीमंधर स्वामी मंदिर से प्रारम्भ होकर श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचा। भूपेन्द्र जैन एवं सुरेन्द्र छाजेड ने बताया कि गुरु भक्तों ने संत की अगवानी की। जिसके बाद प्रवचन भी हुए। कार्यक्रम में सुधीर सेठिया, बिरदीचंद, राजेशकुमार, संतोष कुमार, राजकुमार सुराणा, हंसराज जैन, अभय कटारिया उपस्थित थे।





## बाबा श्याम के राजसी दर्शन के लिए उमडा प्रेमियों का सैलाब

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महू के शांतिनगर स्थित बाबा श्याम मंदिर पर फाल्गुन द्वादशी के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया गया। बाबा श्याम राजसी स्वरुप में नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा में श्याम प्रेमी हाथों में निशान लेकर निकले। उक्त जानकारी अमित चौधरी ने बताया कि यात्रा में रामकृपाल दास त्यागी, लोकेश शर्मा, शुभम, हितेश, सपन, पंकज, प्रतीक सहित मातृशक्ति शामिल हुए।



## धरावराधाम में कथा का समापन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। धरावराधाम में सात दिवसीय भागवत कथा का भंडारे के साथ समापन हुआ। पं. ब्रजकिशोर नागर के मुखारबिंद से श्रद्धालुओं ने सात दिनों तक भागवत कथा का श्रवण किया। कथा के अंतिम दिन पं. नागर का सम्मान भी किया गया। नानूराम चौधरी, ललित अग्रवाल, डॉ. सुरेश चौपडा, रेखा श्रीकांत शर्मा, सुधीर अग्रवाल, देवेन्द्र सांखला, गोविन्द मंगल, गोपाल गोयल, अशोक कुमावत ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# विद्यार्थियों को बैग वितरित



## खेडापति मंदिर पर लगी रैलिंग

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बीते दिनों ग्राम कलारिया में युवाओं से दाल-बाटी पर चर्चा के दौरान अभिषेक जाट ने समस्या पूछकर स्कूली विद्यार्थियों को बैग बांटने तथा खेडापति हनुमान मंदिर पर रैलिंग लगवाने का आश्वासन दिया था। जाट ने दोनों कामों को पूर्ण किया। जिससे क्षेत्रीय लोगों में खुशी है।

## देहदानी-अंगदानी के परिवारजनों का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महर्षि दधीचि के देहोत्सर्ग पर्व पर आज सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में देहदानी-अंगदानी परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में अनिल राका, प्रीति रावत और सत्यनारायण पटेल का सम्मान भी होगा। उक्त जानकारी नंदकिशोर व्यास ने दी।

# विद्यार्थियों ने किया राजा रमन्ना प्रगत प्रदांगिकी केन्द्र का दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



भगवती कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल हातोद के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्राचार्या और उपप्राचार्या के निर्देशन पर राजा रमन्ना प्रगत प्रदांगिकी केन्द्र (आरआरसीएटी) का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर लेज़र तकनीक और अनुसंधान प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक का उपयोग चिकित्सा, उद्योग और संचार के क्षेत्र में किया जाता है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और विज्ञान के क्षेत्र में भविष्य बनाने की प्रेरणा ली। इस अवसर पर अर्शी मंसूरी, इशिका तोमर, मेघा पवार, अनुष्का प्रजापत, पायल राजौरिया, दीपिका सेन, कान्हा हरिराम, शेखर चौहान, तनिष्का कौशल, तनिष्का प्रजापत, नीलेश चौहान, आशिष पगारे मौजूद थे।



## श्याम बाबा के जयकारों के साथ निकली निशान यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सागर विहार कालोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर श्री भक्त वत्सल सार्वजनिक विकास समिति द्वारा जयश्री श्याम के जयकारों के साथ निशान यात्रा निकाली गई जो कालोनी के विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। राधा राठौर ने बताया कि यात्रा में भजन कीर्तन हुए। इस अवसर पर मनोहर जांगिड़, परमानंद जांगिड़, गोकुल गुर्जर, संजय घेर, जीतू चोरे, अभिषेक नायक, आरती राठौर, पूजा राठौर उपस्थित थे।

# सिंधी समाजजनों द्वारा हीरानंदानी से स्कूल और कालेज खोलने की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नरेडको नेशनल के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी के इन्दौर प्रवास के दौरान पूज्य जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत के राजा माधवानी ने मुलाकात की। उन्होने संस्था के सेवा कार्यों को लेकर हीरानंदानी को जानकारी दी और मुंबई के समान इन्दौर में हीरानंदानी ग्रुप के स्कूल और कालेज खोलने की मांग की। इस अवसर पर कमल कस्तूरी, डॉ जयकुमार परियानी, मंशाराम राजानी मौजूद थे।



# जूनी इंदौर पुलिस स्टेशन में अब नजर नहीं आएगी पुरानी गाड़ियों की कबाड़

### रंगाई पुताई के साथ होंगे कई अन्य साज - सजावट और सिविल कार्य



थाना के भीतर होगा लाखों रुपए खर्चकर सौंदर्यकरण के काम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जूनी इंदौर पुलिस स्टेशन में अब यहां-वहां थाना के भीतर और बाहर खड़ी रहने वाली सालों पुरानी भंगार गाड़ियों की कबाड़ नजर नहीं आएगी। बल्कि यहां आने वाले दिनों में निगम भीतर से लेकर बाहर तक यहां सौंदर्यकरण और साज सजावट के कई कार्य एक साथ शुरू करेगा।जिसके बाद थाना परिसर के बाहरी हिस्से में यहां वहां खड़ी भंगार गाड़ियों के बजाय शानदार बैठक व्यवस्था के साथ आसपास ग्रीनरी और खूबसूरती भी नजर आएगी। जिसको लेकर बेहद जल्द काम शुरू करने की तैयारी है। जिसके तहत यहां भीतर से लेकर बाहर तक थाना परिसर को सजाने संवारने को लेकर कई कार्य एक साथ किए जाएंगे।

### रंगाई-पुताई के साथ होंगे साज सजावट के काम

बताते है कि जूनी इंदौर थाना परिसर में वैसे अन्य थाना से भीतर का हुलिया बेहतर है, बैठक व्यवस्था से लेकर सब कुछ अच्छा है। हालांकि बाहरी हिस्से में पुरानी गाड़ियों के कारण पुलिस स्टेशन की खूबसूरती पर दाग नजर आता है। इसलिए निगम द्वारा लाखों रुपए खर्चकर बाहरी हिस्से में रंग रोगन कर साज सजावट को लेकर भी कई कार्य किए जाएंगे। जिसके तहत यहां के बाहरी परिसर में आकर्षक पेड़ - पौधे लगाकर संवारा जाएगा। भीतर के साथ बाहरी हिस्से में भी बैठक व्यवस्था करने के साथ रंग रोगन कर थाना परिसर को चमकाया जाएगा। जिससे यहां आने वाले लोगों को भीतर से लेकर बाहर तक सुंदरता और खूबसूरती देखकर सुकून मिलें। इसके अलावा भीतर से लेकर बाहर तक सौंदर्यकरण के काम को लेकर पूरी प्लानिंग के साथ काम होगा, जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है।

# होली पर यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए अब रेलवे चलाएगा एक और स्पेशल ट्रेन

### इंदौर से खडकी( पुणे ) के बीच अगले माह 4 से 25 मार्च तक होगा स्पेशल किराए के साथ ट्रेन का परिचालन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** होली के दौरान बढ़ने वाली यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, भीड़ कम करने के लिए अब पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा इंदौर से खडकी (पुणे) के बीच गाड़ी संख्या 09324-09323 इंदौर-खडकी-इंदौर स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया गाड़ी संख्या 09324 इंदौर खडकी स्पेशल, इंदौर से 04 मार्च से 25 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन इंदौर से प्रति बुधवार को 11.15 बजे चलेगी एवं अगले दिन 02.50 बजे खडकी रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। वहीं इस ट्रेन का देवास (11.50/11.52), उज्जैन(12.40/12.45), नागदा(13.57/14.00) एवं रतलाम(14.35/14.40) बजे आगमन/प्रस्थान होगा।

### खड़की से 5 को चलेगी स्पेशल ट्रेन

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09323 खडकी - इंदौर स्पेशल, खडकी से 05 मार्च से 26 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन खडकी से प्रति गुरुवार को 04.40 बजे चलेगी तथा गुरुवार को ही 23.55 बजे इंदौर रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इस ट्रेन का रतलाम (20.30/20.35), नागदा (21.10/21.15), उज्जैन (22.05/22.07) एवं देवास (23.00/23.02) बजे आगमन/प्रस्थान होगा।

### इन प्रमुख स्टेशनों पर होगा ट्रेन का ठहराव

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागद, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण एवं लोनावाला स्टेशनों पर रुकेगी। साथ ही इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास एवं जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे। जिसके लिए सभी पीआरएस काउंटरों पर बुकिंग भी शुरू हो गई है। ट्रेन संख्या 09324 की बुकिंग भी सभी पीआरएस काउंटरों एवम आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू हो गई है। वहीं ट्रेनों के ठहराव, संरचना एवं समय की विस्तृत जानकारी के लिए यात्री रेलवे की वेबसाइट एवं रेलवन ऐप पर भी अवलोकन कर सकते हैं।

# राज्य सेवा में बढ़ेंगे पद, स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस में भी 20 पदों की बढ़ोत्तरी संभव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की सबसे बड़ी परीक्षा राज्य सेवा में पद बढ़ाने पर विचार शुरू हो गया है। 35 से 55 पद बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर के पदों पर अभी असमंजस है। सबसे ज्यादा डिमांड इन्हीं की है। स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम में भी कुछ पद जोड़े जाएंगे। पता चला है कि राज्य सेवा परीक्षा-2026 में सिर्फ 155 पद दिए जाने की समीक्षा हो रही है। अभ्यर्थियों की 700 पदों की थी। यह उसकी तुलना में कई गुना कम है। 2024 में 110 और 2025 में भी सिर्फ 158 पद दिए गए थे। इसलिए ज्यादा नहीं तो 200 पार संख्या की जा सकती है। लेकिन 26 अप्रैल को होने वाली प्री एग्जाम के परिणाम से पहले पद बढ़ाने होंगे।

**यहां तो जनरल का एक भी पद नहीं-** पीएससी की ही वन सेवा परीक्षा में भी सिर्फ 30 पद दिए गए। अभ्यर्थी की सबसे बड़ी नाराजगी इस बात को लेकर है कि जनरल कैटेगिरी के पद ही नहीं है, जीरो पद है। यह लगातार तीसरे साल हुआ है। अब संभावना है कि 20 से 25 नए पद जोड़े जा सकते हैं। 26 अप्रैल को प्री एग्जाम है। इसके रिजल्ट से पहले ही पद जोड़ना होंगे। वहीं स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा के लिए सिर्फ 29 पद दिए गए हैं। जबकि अभ्यर्थियों की डिमांड 500 पदों की थी। संभावना है कि एग्जाम रिजल्ट से पहले कुछ पद बढ़ाए जाएंगे। लेकिन यह संख्या 50 के पार भी जाएगी या नहीं, इस पर सस्पेंस है। परीक्षा 22 मार्च को है। चार साल पहले 2021 में स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम में रिकॉर्ड 493 पद निकाले थे। इसके बाद 2022 में पदों की संख्या घटकर सिर्फ 36 रह गई थी। हद तो यह हुई कि 2023 में वैकेंसी ही नहीं निकाली गई, जबकि 2024 में भी सिर्फ 23 पद दिए गए। इस बार उससे सिर्फ 6 ज्यादा यानी 29 पद दिए गए हैं।

# थाना आजाद नगर क्षेत्र में व्यापारियों के सहयोग से पुलिस शुरू करेंगी तीसरी आंख लगाने का अभियान




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** थाना आजाद नगर क्षेत्र में आने वाले दिनों में व्यापारियों के सहयोग से पुलिस प्रशासन अब तीसरी आंख लगाने का बड़ा अभियान शुरू करेगी। जिसके तहत थाना आजाद नगर पुलिस की प्लानिंग है कि मुसाखेड़ी और आजादनगर क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर बेहद जल्द व्यापारियों एवं जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। ताकि त्यौहारों के दौरान क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजार और धार्मिक स्थल की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे।

पुलिस प्रशासन इन प्रमुख स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर पूरी तरह से नजर रख सकेगी। लेकर व्यापारियों के साथ बैठक कर पुलिस प्रशासन आने वाले दिनों में क्षेत्र के सभी प्रमुख बाजारों और व्यापारी प्रतिष्ठानों के साथ धार्मिक स्थलों पर भी तीसरी आंख लगाने का अभियान शुरू करने जा रहा है।

पहले चरण में उन प्रमुख स्थानों से होगी शुरुआत जहां अब तक नहीं लगे सीसीटीवी जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि की थाना आजाद नगर क्षेत्र से जुड़े किन स्थानों पर वर्तमान में सीसीटीवी कैमरे नहीं है वहां पहली प्राथमिकता के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं क्षेत्र के व्यापारियों से जाकर जहां ज्यादा जरूरी वहां सभी प्रमुख स्थलों पर व्यापारियों और जन सहयोग से जल्द तीसरी आंख लगाकर पुलिस प्रशासन द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में त्योहारों के समय नजर रखी जाएगी।

### ग्रीन सिग्नल मिला

# अब जारी होगा डीएवीवी का एमबीए का रुका हुआ रिजल्ट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** देवी अहिल्या विवि के एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर के खराब रिजल्ट को सुधार दिया गया है। इसके तहत अब रिजल्ट करीब 40 फीसदी तक आ सकता है। इसके बाद अब उम्मीद है कि रिजल्ट मंगलवार तक आ जाएगा। इस पर सवाल यह उठ रहा है कि आखिर एमबीए, बीएड और लॉ के परिणाम इतने खराब क्यों आ रहे हैं? कौन जिम्मेदार है? क्या कॉलेज पढ़ा नहीं रहे, या डीएवीवी सही तरीके से मूल्यांकन नहीं करवा पा रहे हैं। वैसे यह रिजल्ट 5 फरवरी तक घोषित हो जाना थे, लेकिन कमजोर परिणाम होने के कारण कई विषयों की कॉपियां दोबारा मूल्यांकन के लिए भेज दी गई थी। उसी कारण रिजल्ट एक माह देर से आ रहे हैं।

### यह है मामला पूरा

एमबीए, बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी व एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाओं में 25 हजार छात्र शामिल हुए थे। मूल्यांकन बाद परिणाम तैयार किए गए तो पता चला कि सिर्फ 29 से 30 फीसदी ही छात्र पास हो पा रहे हैं। एमबीए कोर व मार्केटिंग मैनेजमेंट फर्स्ट सेमेस्टर के परिणाम 33 प्रतिशत से भी कम आ रहे थे। इन परीक्षाओं में कुल 12 हजार छात्र शामिल थे। विवि ने रिजल्ट रोकने का निर्णय लिया था। इसके बाद इन कोर्सेस अलग अलग विषयों की उत्तर पुस्तिकाएं दोबारा मूल्यांकन के लिए भेजी गई। ये दोबारा जंचकर आ गई हैं।

### मजबूरी में लिया था एक निर्णय

एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर के रिजल्ट लगातार खराब आ रहे है। तीन साल से एमबीए का रिजल्ट 30 से 32 फीसदी पर आ गया था, जबकि बीए एलएलबी का 36 व एलएलबी का 39 प्रतिशत रिजल्ट था। इसी में सुधार के लिए विवि ने एक बड़ा निर्णय लिया था। इसके तहत उसने तय किया था कि वह इन परीक्षाओं के परिणाम 40 फीसदी से कम होने की स्थिति में दोबारा मूल्यांकन करवाएगी। उसी कड़ी में इन परीक्षाओं का दोबारा मूल्यांकन शुरू हो गया है।

## संपादकीय

# संक्रमित रक्त से मरीजों की जान पर खतरा, NAT टेस्ट लागू करने में देरी पर कोर्ट की नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रक्त चढ़ाने से होने वाले विभिन्न तरह के संक्रमण का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एंप्लीफिकेशन परीक्षण (एनएटी) की सुविधा के खर्च और उपलब्धता की जानकारी मांगी है। रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि इससे लोगों को नया जीवन मिलता है। देश में रक्त की जरूरत के मुकाबले आपूर्ति आज भी काफी कम है। ऐसे में सरकार और सामाजिक संगठनों की ओर से रक्तदान के महत्त्व को समझाने तथा इसे प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं। इसके अलावा, देश भर में जगह-जगह शिविर भी लगाए जाते हैं, ताकि लोग आसानी से स्वैच्छिक रक्तदान कर सकें। मगर सवाल है कि दान के माध्यम से जो रक्त एकत्र किया जाता है, वह दूसरे लोगों के लिए कितना सुरक्षित है? यह मसला चिंताजनक और संवेदनशील है, क्योंकि मरीजों को संक्रमित रक्त चढ़ाने और उससे कई तरह की जटिलताएं पैदा होने या जान जाने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने बीते बुधवार को देश भर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रक्त चढ़ाने से होने वाले विभिन्न तरह के संक्रमण का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एंप्लीफिकेशन परीक्षण (एनएटी) की सुविधा के खर्च और उपलब्धता की जानकारी मांगी है। दरअसल, शीर्ष अदालत में दायर एक जनहित याचिका में मांग की गई है कि देश के सभी रक्त बैंकों में ट्रांसफ्यूजन ट्रांसमिसिबल इन्फेक्शन (टीटीआइ) का पता लगाने के लिए एनएटी को अनिवार्य किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि इस परीक्षण के तहत रक्त में एचआइवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, मलेरिया और सिफलिस जैसी बीमारियों के संक्रमण की जांच की जाती है। इसमें दोराय नहीं कि रक्तदान के दौरान अनिवार्य रूप से संक्रमण की जांच के नियम लागू हैं, इसके बावजूद अगर मरीजों को संक्रमित रक्त चढ़ा देने के मामले सामने आ रहे हैं, तो इससे स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी तंत्र में व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जाहिर है कि रक्त की जांच प्रकिया में लापरवाही बरती जा रही है, जो मरीजों की जान पर भारी पड़ रही है। इससे सबसे ज्यादा थैलेसीमिया के मरीज प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें बार-बार रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में जरूरी है कि रक्त जांच परीक्षण का दायरा बढ़ाया जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि रक्तदान मरीजों के लिए हमेशा जीवनदान बना रहे।

# महिला से पेंडल झपटकर फरार हुआ बाइक सवार बदमाश

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में बीती शाम एक बाइक सवार बदमाश ने राह चलती महिला के गले से सोने का पेंडल झपट लिया और फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, देवनगर निवासी बिंदु गौड़ शनिवार शाम करीब 5:55 बजे मालवा मिल क्षेत्र से किराना सामान लेने के लिए विश्रांति चौराहे की ओर जा रही थीं। जैसे ही वह प्रिया ट्रेडर्स के पास पहुँचीं, तभी पीछे से आए एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने उनके गले पर झपट्टा मारा। बदमाश महिला के गले से सोने का पेंडल छीनकर तेज रफ्तार में भाग निकला। अचानक हुई इस घटना से महिला घबरा गई और शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी ओझल हो चुका था। सूचना मिलने पर परदेशीपुरा पुलिस मौके पर पहुँची और आसपास के दुकानों व चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज किया है।

## पुलिस शूटिंग स्पर्धा : महिलाएं लगा रही सटिक निशाने

**इंदौर।** 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग खेल चैंपियनशिप -2025 का आयोजन सीएसडब्ल्यूटी बीएसएफ इंदौर के तत्वाधान में रेवती रेंज, बीएसएफ इंदौर में किया जा रहा है। शनिवार को हुए मुकाबलों में अंजली चौधरी, रितु शर्मा, चंद्र राज, पीयूष शर्मा ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। रेवती रेंज में एक मेडल सेरेमनी आयोजित की गई। इस अवसर पर परमिंदर सिंह, कमांडेंट (स्पोर्ट्स), एफएचक्यू बीएसएफ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## युवक पर हमला,पत्थर और लात-घूंसों से पीटा

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को न केवल अपशब्द कहे, बल्कि सिर पर पत्थर मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी दीपक पिता बद्री कराड़े निवासी कुंदन नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्त विवेक राठौर के साथ विदुर नगर जा रहा था। जैसे ही वे कुंदन नगर मैदान के पास पहुँचे, वहाँ पहले से मौजूद आरोपी अजय, टेम्पा और बलराम सभी निवासी कुंदन नगर उन्हें अश्लील गालियां देने लगे। जब दीपक ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए। आरोपी अजय और बलराम ने दीपक को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया, वहीं टेम्पा नामक आरोपी ने पास पड़ा पत्थर उठाकर दीपक के सिर पर दे मारा। हमले में दीपक के सिर से खून बहने लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जाते-जाते तीनों आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि यदि वह दोबारा दोस्त विवेक के साथ दिखाई दिया, तो वे उसे जान से मार डालेंगे।

## सरकारी शौचालय को तोड़ा, युवक पर केस दर्ज

**इंदौर।** बड़गोंदा थाना क्षेत्र के ग्राम गवली पलासिया में शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने लोहे के घन से प्रहार कर सरकारी शौचालय को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पंचायत गवली पलासिया सचिव शरद अमोनिया (52) निवासी विद्युत नगर, हरनियाखेड़ी महू ने शिकायत दर्ज कराई कि 24 फरवरी की सुबह 9 से 11 बजे के बीच नाले के पास स्थित शासकीय शौचालय को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया। जांच में आरोपी के रूप में राहुल राठौर निवासी ग्राम गवली पलासिया का नाम सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी ने लोहे के घन से वार कर शौचालय की संरचना को क्षतिग्रस्त किया, जिससे सरकारी संपत्ति को आर्थिक हानि हुई। बड़गोंदा पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बारूद बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट 15 की मौत, 18 गंभीर

**नागपुर.एजेंसी।** नागपुर में एक बारूद बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। जबकि 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महाराष्ट्र के नागपुर जिले के काटोल स्थित बारूद कंपनी में विस्फोट हो गया। जिससे 15 लोगों की मौत हो गई। जबकि 18 से ज्यादा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस फैक्ट्री में विस्फोट हुआ, उसका नाम एँथ एनर्जी है। कंपनी में बारूद बनाने का काम हो रहा था।

ग्रामीण के एसपी हर्ष पोद्दार ने बताया कि कंपनी में बारूद बनाने का काम चल रहा था। तभी विस्फोट हो गया। जिससे 15 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। जबकि कई गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लगी हुई है। जिसे बुझाने का काम किया जा रहा है। पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रशासन से विस्फोट की जानकारी ली और तत्काल राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। जिस कंपनी में विस्फोट हुआ है, नागपुर शहर से लगभग 80 किलोमीटर दूर है।

## कबड्डी में सांवेर और पिट्टू में इंदौर रहा अव्वल

**इंदौर।** नवाचार के अंतर्गत भारतीय पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिला पंचायत इंदौर द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता रामबाग स्थित मल्हार सांदीपनि आश्रम में संपन्न हुआ जिसमें कबड्डी और पिट्टू (सितौलिया) जैसे पारंपरिक खेलों में खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन द्वारा किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल की बारीकियों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# होली पर शहर में नहीं होने दी जाएगी अवैध पेड़ों की कटाई

## नगर निगम आयुक्त ने उद्यान विभाग को दिए वन विभाग के साथ मिलकर काम करने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**होली के मौके पर पेड़ों की होने वाली अवैध कटाई को रोकने के लिए वन विभाग और नगर निगम का अमला एक साथ मिलकर काम करेगा इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने उद्यान विभाग के दरोगा से लेकर अपर आयुक्त को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शहर में किसी भी स्थिति में पेड़ों की अवैध कटाई नहीं होनी चाहिए इस पर सख्त निगरानी रखी जाए जहां से भी कटाई की सूचना मिलती है तत्काल मौके पर टीम पहुंचे और कानूनी कार्रवाई कर अवैध पेड़ कटाई करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाए। इसके लिए उन्होंने डीएफओ से भी संपर्क किया है उन्होंने कहा है कि नगर निगम की शिकायत पर वन विभाग भी तत्काल एक्शन के लिए तैयार रहे।**

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम सीमा के 29 गांव में पेड़ों की कटाई को लेकर अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह ग्रामीण एवं शहरी सीमा से सटे हुए क्षेत्र हैं यहां पेड़ों की कटाई हो सकती है इसीलिए उद्यान विभाग के दरोगाओं को आगामी दो-तीन दिन तक लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। इस काम में नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य अमला जो फील्ड में घूमता है उन्हें भी निर्देशित किया गया है कि यदि कहीं कटाई की घटना होती है तो इसकी सूचना नगर निगम उद्यान विभाग को दी जाए साथ ही आम नागरिक भी नगर निगम कंट्रोल रूम एवं 311 एप पर इसकी शिकायत कर सकते हैं। उद्यान विभाग के अपर आयुक्त राजनगांवकर ने बताया कि अवैध कटाई रोकने के लिए 30 लोगों की अलग-अलग टीम बनाई है जो की 85 वार्डों में निगरानी रखेगी। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वह अवैध पेड़ कटाई की घटना के सीसीटीवी फुटेज या मोबाइल से फोटो वीडियो बनाकर नगर निगम कंट्रोल रूम को भेज कर शिकायत कर सकते हैं। निगम लगातार शहर में अवैध कटाई रोकने के लिए कार्रवाई कर रहा है।

ठंडे बस्ते में 1 लाख की वसूली

नगर निगम द्वारा पिछले दिनों इंद्रपुरी में बबूल का पेड़ काटे जाने पर 1 लाख रुपये का फाइन भवन स्वामी पर किया था लेकिन जब नगर निगम की टीम वसूली के लिए पहुंची तो भवन मालिक मौके से गायब था अब इस मामले को ठंडा करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि कुकरेजा नामक व्यक्ति पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई थी फिलहाल वसूली के लिए निगम की टीम प्रयास कर रही है इसके लिए नोटिस भी जारी किया गया है फिलहाल स्पॉट फाइन की राशि निगम के खाते में जमा नहीं हुई है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने मांडव एवं उमरबन में भगोरिया हर्षोल्लास से मनाया

## यातायात के नियमों का पालन करने व नशा मुक्ति का दिया संदेश

**धार / उमरबन।** केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास एवं धार–महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद सावित्री ठाकुर ने लोकसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थल मांडव एवं उमरबन में आयोजित पारंपरिक भगोरिया महोत्सव में हर्षोल्लास के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने अपने आदिवासी भाई-बहनों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पारंपरिक लोकनृत्य में भाग लेकर जनजातीय संस्कृति की गरिमा का सम्मान किया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान ढोल-मांदल की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा की रंगत और उत्साह से सराबोर जनसमूह ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। सांसद ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध जनजातीय विरासत, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है। यह पर्व नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहने और परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उमरबन में आयोजित भव्य भगोरिया महोत्सव के अवसर पर सांसद ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं नशा मुक्ति का संदेश भी दिया।



इस दौरान धार के पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के साथ उपस्थित रहकर आदिवासी समाज को यातायात नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने और सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया। साथ ही महिलाओं के प्रति सम्मान एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में नारी शक्ति को विशेष स्थान प्राप्त है और उनका सम्मान हम सभी का कर्तव्य है। सांसद सावित्री ठाकुर ने समस्त क्षेत्रवासियों को होली एवं भगोरिया पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आपसी भाईचारे की भावना को और सुदृढ़ करे। इस अवसर पर पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## त्योहार पर शांति के लिए बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि आगामी त्योहार होली, धुलेंडी, रमजान और ईद को देखते हुए पुलिस ने बैठक ली। एसडीएम राकेश परमार, एसडीओपी ललित सिकरवार, तहसीलदार राधावल्लभ धाकड़, थाना प्रभारी राहुल शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के 21 खिलाड़ियों को छात्रवृति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में विजेता दल को 10 हजार, उपविजेता दल को 8 हजार व तृतीय स्थान प्राप्त दल को 6 हजार की राशि खेल व युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा प्रोत्साहन स्वरुप प्रदत्त की गई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में इंदौर जिला बालक जूनियर वर्ग मे विजेता तथा बालिका सब-जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान पर रही थी। छात्रवृत्ति गोविंद तिवारी, श्लोक शर्मा, युवराज, मुस्तफा अली, प्रद्युम्न सिंह, मितिश जैन, आदित्य पाटिल, रुद्र कुशवाह, शुभ चित्रे, चेतन पटेल, अविरल शर्मा, लक्ष्मी जैन, राधारानी मिश्रा, महिमा मालवीय, सोम्या प्रधान, आराध्या मालवीय, आराध्या तोमर, ऐंजल पटेल, पूर्वाशी वर्मा, भव्या चौधरी को प्रदान की गई। मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ अध्यक्ष ने दीपक जैन टीनू, महासचिव हरदीपसिंह रुप्पल, कोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, अशोक चौहान, इंद्रजीत सिंह गिल, गुरमीत सिंह संधू, मधु करोले,कल्पना मालवीय, राहुल चित्रे, राजू शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## सेवा आश्रम में होगा संगीत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चाणक्यपुरी स्थित दशरथ सेवा आश्रम में आज दोपहर 2 बजे से कई कलाकारों द्वारा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी सारिका जैन, विजय जोशी ने दी।

## ट्रांसफार्मर के पास होलिका दहन नहीं करने की अपील

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल होलिका दहन म.प्र. क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली लाइनों के नीचे तथा ट्रांसफार्मर, पोल से दूर करने की अपील की है। कंपनी ने विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर, पोल के पास गीला रंग नहीं उड़ाने की भी अपील की है।

## लाइनमेन दिवस पर कई आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के मौके पर मप्र पश्चिम क्षेत्र कंपनी द्वारा लाइनमेन दिवस के रूप में कार्यक्रमों का आयोजन 7 मार्च को किया जाएगा। संभागीय स्तर पर कार्यक्रम होंगे, जिसमें मुख्य रूप से विद्युत सुरक्षा एवं उपभोक्ता सेवा पर फोकस रखा जाएगा।

## परवार समाज का स्नेह सम्मेलन आज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन परवार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा आज दोपहर 2 बजे से निजी गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सम्मान समारोह भी होगा। वहीं तम्बोला, लकी ड्रा और सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी उक्त जानकारी राजेश जैन दद्दू ने दी।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. तरुण गुप्ता ने अभियान की शुरूआत की।



## मां कनकेश्वरी क्लब की शानदार जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में एमकेसीसी एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 5 विकेट खोकर 167 रन बनाये । अंश यादव ने 48 रन एवं नमन पांचाल ने नाबाद 37 रन बनाये। सिद्धार्थ व निलेश ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स की टीम 18 ओवरो में 111 रनों पर सिमट गई और यह मैच 56 रनों से हार गई। निलेश जाधव ने सर्वाधिक 30 रन बनाये। शिवांश रघुवंशी व अंश नागोरी ने 4-4 विकेट लिये।

## सक्षम व अक्षत की उम्दा पारियां

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसबीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसबीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत दुधिया रोशनी में संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं राउ क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें राउ क्लब ने पहले खेलते हुए20 ओवरो में 5 विकेट खोकर 259 रन बनाये। विनय चटर्जी ने 63 रन एवं शुभम गुंजाल ने 41 रन बनाये। जवाब में संजय लुणावत फाउण्डेशन की टीम ने 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया।

## एसपीसीए बना चैम्पियन



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में न्यू सेन्ट्रल क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित रीना गौड बी ग्रेड क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एसपीसीए एवं इंदौर क्रिश्चियन के मध्य फायनल मुकाबला खेला गया जिसमें एसपीसीए ने पहले खेलते हुए 38 ओवरो में सभी विकेट खोकर 265 रन बनाये । सागर केसरा ने 45 रन एवं रवि नामजोशी ने 35 रन बनाये। विशेष रावत ने 3 विकेट लिये । जवाब में इंदौर क्रिश्चियन की टीम 34 ओवरो में सभी विकेट खोकर 164 रन ही बना पाई और यह मैच 111 रनों से हार गई और इस तरह एसपीसीए की टीम ने चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया । दक्ष नागा ने सर्वाधिक 57 रन बनाये। सन्नी मालवीय ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हासिल किये।

## भागवत कथा होगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उषा नगर स्थित सत्संग भवन में श्रीकृष्ण गौशाला फूटीकोठी परिसर द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। रामस्नेही हरिराम शास्त्री के श्रीमुख से 12 से 18 मार्च तक दोपहर 1.30 से 5 बजे तक श्रद्धालु कथा का रसपान करेंगे।

## बाबा रणजीत के दरबार में सुन्दरकांड पाठ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बाबा रणजीत के दरबार में आज रात 8 बजे से सुन्दरकांड पाठ का आयोजन जय रणजीत संकीर्तन रामायण मंडल द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी पंडित राजेश व्यास ने दी।

## राज्य पात्रता परीक्षा आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म.प्र. लोकसेवा आयोग इन्दौर द्वारा आफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) आज दोपहर 12 से 3 बजे तक 100 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 38 हजार से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है। परीक्षा के लिए सम्भागायुक्त सुदामा खाडे परीक्षा समन्वयक परीक्षा अधिकारी है। परीक्षा प्रारम्भ होने से 15 मिनट पहले ओएमआर शीट का वितरण किया जा रहा है।


**कार्यालय जनपद पंचायत पुनासा जिला पूर्व निमाड़ खंडवा म.प्र.**

**वाहन किराये के लिए निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद् भोपाल का आदेश क्रमांक 1295/एमजीएनआरईजीएस-एमपी/2022 दिनांक 19.05.2022 के अनुसार शासकीय कार्यो के उपयोग हेतु जनपद पंचायत पुनासा मे मनरेगा अंतर्गत पदस्थ अधिकारी हेतु एक चार पहिया वाहन मासिक किराये पर ली जाना है।

माह में 15दिवस के लिए मासिक किराया मय वाहन चालक के राशि 10000/-रूपये से अधिक न हो।

**निविदा संबंधी अधिक जानकारी के लिए नियम शर्त एवं निविदा प्रपत्र जनपद पंचायत पुनासा से प्राप्त जा सकती है।**

निविदा जारी करने की तिथिः- 27.02.2026
निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथिः- 10.03.2026
पूर्णतः भरे निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथिः- 11.03.2026
निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथिः- 11.03.2026

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत पुनासा**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.देवेन्द्र यादव पिता श्री नारायण यादव 2.श्री नारायण यादव पिता श्री शांतिलाल यादव 3.श्री शुभम यादव पिता श्री नारायण यादव** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नम्बर प.ह.नं. सर्वे 525/3/5/2 क्र. (बटांकन पूर्व 525/3/5) सिरपुर इन्दौर पिन नं. 2000412533 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम इंडिया की रहेगी खास रणनीति

## कोच ने मैच से पहले बताया विक्ट्री प्लान




**कोलकाता।** टीम इंडिया के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले से पहले तिलक वर्मा की बल्लेबाजी क्रम को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। यह मुकाबला कोलकाता में खेला जाएगा।

पिछले मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ तिलक वर्मा को छठे नंबर पर भेजा गया था। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों पर नाबाद 44 रन ठोक दिए, जिसमें तीन चौके और चार छक्के शामिल थे। उनकी इस तूफानी पारी ने मैच का रुख बदल दिया। इस मैच में तिलक ने पंड्या के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 41 गेंदों में 84 रन की शानदार साझेदारी की।

हालांकि शानदार प्रदर्शन के बावजूद कोच ने साफ किया कि अगले मैच में तिलक उसी नंबर पर खेलेंगे, यह तय नहीं है। रयान टेन डोशेट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह पक्का नहीं है कि वह नंबर 5 या 6 पर ही बल्लेबाजी करेंगे। अब हमारे पास कई विकल्प हैं। हमने देखा कि ऊपर संजू सैमसन के साथ भी प्रयोग कामयाब रहा। विरोधी टीम के संयोजन को देखकर हम बदलाव कर सकते हैं।

### भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला

भारत सुपर-8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गया था, जिससे उसकी स्थिति मुश्किल हो गई। हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को भी बड़े अंतर से हराकर भारत की राह थोड़ी आसान कर दी है। अब भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए वेस्टइंडीज को किसी भी अंतर से हराना होगा। लेकिन आंकड़े भारत के पक्ष में नहीं हैं। टी20 वर्ल्ड कप में भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक चार मुकाबले हुए हैं, जिनमें भारत सिर्फ एक ही जीत सका है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम पर इतिहास का दबाव भी रहेगा। अब देखना होगा कि क्या टीम इंडिया इस अहम मुकाबले में जीत हासिल कर अंतिम चार में जगह बना पाती है या नहीं।

# टी-20 वर्ल्ड कप में कप्तान के तौर पर नए सिक्सर किंग बने दसुन शनाका

## टूटा रोहित का रिकॉर्ड



**कोलंबो ।** टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कप्तान के तौर पर नए सिक्सर किंग अब दसुन शनाका बन चुके हैं। उन्होंने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड धराशायी कर दिया है। रोहित अभी तक सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले कप्तान थे।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के अपने आखिरी मैच में श्रीलंका की टीम को जीत दिलाने के लिए कप्तान दसुन शनाका ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आखिरी ओवर में जीत के लिए 28 रनों की दरकार थी, जिसमें से 22 रन उन्होंने शाहीन शाह अफरीदी की पहली चार गेंदों में जड़ दिए थे, लेकिन आखिरी दो गेंदों पर वह चूक गए। ऐसे में पाकिस्तान को जीत मिली। हालांकि, इस दौरान उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में अपने नाम कर लिया। बतौर कप्तान वे इस टूर्नामेंट के इतिहास में सिक्सर किंग बन गए।

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कप्तान के तौर पर नए सिक्सर किंग अब दसुन शनाका बन चुके हैं। उन्होंने हिटमैन रोहित शर्मा का रिकॉर्ड धराशायी कर दिया है। रोहित अभी तक टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले कप्तान थे। दसुन शनाका ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के अपनी टीम के आखिरी सुपर 8 के मैच में 8 छक्के जड़े और इसी के साथ रोहित शर्मा का रिकॉर्ड भी चकनाचूर हो गया। रोहित शर्मा ने 19 छक्के टी20 विश्व कप में बतौर कप्तान जड़े थे, लेकिन शनाका ने 21 छक्कों के साथ उन्हें पछाड़ दिया है।

टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले कप्तानों की लिस्ट में तीसरे पायदान पर क्रिस गेल हैं, जिन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 17 छक्के जड़े थे। जोस बटलर ने भी इंग्लैंड के लिए इतने ही छक्के टी20 मैचों में कप्तानी करते हुए जड़े हैं। टॉप 5 में महेंद्र सिंह धोनी का भी नाम शामिल है, जिन्होंने 16 छक्के कई सीजन कप्तानी करते हुए टी20 विश्व कप में जड़े। दसुन शनाका की बात करें तो उन्होंने 31 गेंदों में 2 चौके और 8 छक्कों की मदद से 76 रनों की पारी खेली थी। इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 245.16 का था।

### टी-20 वर्ल्ड कप में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा छक्के

21 - दसुन शनाका
19 - रोहित शर्मा
17 - क्रिस गेल
17 - जोस बटलर
16 - एमएस धोनी

# दोनों टीमों के लिए करो या मरो वाला मुकाबला

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में आज मेजबान भारत और वेस्टइंडीज के बीच सुपर 8 का आखिरी मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले पर सबकी नजरें टिकी होंगी। भारत और वेस्टइंडीज दोनों ही टीमों के लिए यह करो या मरो का मुकाबला है। जो भी टीम मुकाबला जीतेगी वे सीधा सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। भारत और वेस्टइंडीज का प्रदर्शन इस विश्व कप में अब तक अच्छा रहा है। दोनों के बीच एक रोमांचक मुकाबला होने की पूरी उम्मीद है।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली रहने की उम्मीद है। पिच पर बाउंस अच्छा होने से और तेज आउटफील्ड होने से यहां बल्लेबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। भारत और वेस्टइंडीज का मैच हाई स्कोरिंग हो सकता है। हालांकि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा स्पिनर्स भी खेल में आएंगे। ड्राई पिच पर स्पिनर्स को मदद मिल सकती है। दूसरी पारी में ड्यू देखने को मिल सकता है, जिससे चेज करने वाली टीम को आसानी होगी। तेज गेंदबाजों को भी शुरुआत में थोड़ी मदद मिल सकती है।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम में अब तक कुल 19 टी20 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 9 तो दूसरी बैटिंग करने वाली टीम ने 9 मुकाबले जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोर यहां 161 रन है। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस जीतकर यहां पहले बॉलिंग कर सकते हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**वेस्टइंडीजः** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।

## हार के बाद श्रीलंका के हेड कोच पद से हटने का लिया फैसला

**कोलंबो।** श्रीलंका को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर 8 के अपने आखिरी मैच में पाकिस्तान से 5 रन की हार मिली। इस हार के बाद श्रीलंका के हेड कोच सनथ जयसूर्या ने अपने बयान में कहा कि वह श्रीलंका के कोचिंग पद से हटना चाहते हैं। बता दें कि श्रीलंका ने इस टी20 वर्ल्ड कप में अच्छी शुरुआत की थी। ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

हालांकि जिम्बाब्वे से ग्रुप स्टेज में हारने के बाद मानों उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई हो। सुपर 8 में श्रीलंका एक भी मैच नहीं जीत पाई। उनको न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और पाकिस्तान तीनों से हार का सामना करना पड़ा। सनथ जयसूर्या ने कहा, मुझे लगा कि अब यह किसी और को देने का समय आ गया है। जभी 2 महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान मैंने कह दिया था कि मेरी इस जॉब में ज्यादा लंबा रहने की उम्मीद नहीं है। मैंने जभी यह फैसला कर लिया था। मुझे लगा था कि टी20 वर्ल्ड कप में इसे अच्छे नोट पर खत्म करूंगा। हालांकि, मैं ऐसा भी नहीं कर पाया और मैं इसके लिए दुखी हूं।

# पाक कप्तान सलमान सेमीफाइनल में नहीं पहुंचे तो बनाने लगे बहाना

## सेमीफाइनल से बाहर होते ही सलमान अली आगा ने बनाए बहाने, कुछ ना मिला तो टॉस को ही बना दिया विलेन




**पल्लेकेले।** पाकिस्तान ने शनिवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के विरुद्ध भले ही 5 रन से जीत दर्ज की, लेकिन यह टीम सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। खिताबी रेस से बाहर होने के बाद पाकिस्तानी कप्तान ने टॉस और ओस को बड़ा फैक्टर बताया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम ने 8 विकेट खोकर 212 रन बनाए। मेहमान टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका को 147 या उससे कम रनों पर रोकना था, लेकिन ऐसा न हो सका। श्रीलंका ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 207 रन बना लिए।

खिताबी रेस से बाहर होने के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने कहा, 'टॉस हारने के बाद मैच हमेशा चुनौतीपूर्ण हो गया था, क्योंकि ओस एक बड़ा फैक्टर थी। अगर हम टॉस जीतते तो कहानी कुछ और हो सकती थी। ओस ने काफी असर डाला। हम अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू नहीं कर पाए। उस्मान का आज अच्छा दिन नहीं था, ऐसा हो सकता है। पूरे टूर्नामेंट में हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके। अगर फरहान को थोड़ा और सहयोग मिला होता तो हालात बेहतर हो सकते थे।' इस निर्णायक मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को 15.5 ओवरों में पहला झटका लगा, जिसके बाद 8 विकेट खोकर सिर्फ 212 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमान (84) ही दहाई का आंकड़ा छू सके। शेष बल्लेबाज फ्लॉप रहे। पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, मिडिल ऑर्डर पिछले कुछ वर्षों से हमारे लिए समस्या बना हुआ है, हमें इस पर जरूर काम करना होगा। हम मैच को उस तरह खत्म नहीं कर पाए, जैसा हम चाहते थे। हमने 18 ओवर तक अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन बाकी दो ओवरों में विपक्षी टीम ने बेहतरीन गेंदबाजी की। 160 रन का स्कोर भी शायद डिफेंड करना मुश्किल होता। दूसरी ओर, मैच गंवाने के बाद श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका ने कहा, 'यह एक करीबी मुकाबला था, हम इसे जीत के साथ खत्म कर सकते थे। शाहीन अफरीदी ने शानदार गेंदबाजी की। कप्तान के तौर पर यह दौर काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। हां, हम निराश हैं और मैं अपने फैंस से माफी मांगना चाहता हूं। दुर्भाग्य से, हमें चोटों का सामना करना पड़ा। भविष्य में उम्मीद है कि ऐसी चोटें न हों। हमारे दो प्रमुख गेंदबाज वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना उपलब्ध नहीं थे।





# बेकाबू कार की चपेट में आए 4 दुपहिया वाहन

## घायलों को राहगिरों ने पहुंचाया अस्पताल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

महू के किशनगंज रेलवे ब्रिज के समीप आज सुबह 8 बजे सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने 4 दुपहिया वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। टक्कर के बाद वाहन कई दूर तक घसीटते गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक ने कार क्रमांक यूपी 15 सीएन 0023 पर काबू खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ है। घायलों को महू के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक कार चालक को हिरासत में ले लिया है और वह स्वयं को आर्मी से जुड़ा हुआ बता रहा है। फिलहाल इस मामले की पुलिस जांच कर रही है।





## टॉवर तोड़ने के दौरान छत गिरने से मजदूर की मौत

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र के बड़ी भमोरी इलाके में शनिवार को निर्माण कार्य के दौरान एक भीषण हादसा हो गया। तीसरी मंजिल पर टॉवर तोड़ रहे एक मजदूर पर अचानक छत का हिस्सा गिर गया, जिससे मलबे में दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हरिओम पिता मोहनसिंह (45), निवासी कुलकर्णी का भट्टा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हरिओम तीसरी मंजिल पर बने टॉवर को तोड़ रहा था, तभी अचानक छत का हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और वह मलबे में दब गया। साथियों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और ठेकेदार महेश की मदद से अस्पताल पहुंचाया। हरिओम को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने दो भाइयों के साथ मकान निर्माण कार्य से जुड़ा था। उसके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। विजयनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



# संवेदनशील इलाकों में पुलिस का फ्लैग मार्च होली और रमजान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

**होली के त्योहार और रमजान माह को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी है। बीती रात थाना मल्हारगंज और सदर बाजार क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना है।**



पुलिस अधिकारियों ने मल्हारगंज और सदर बाजार पुलिस बल के साथ मिलकर टोरी कॉर्नर, जिंसी हाट, जिंसी चौराहा, मल्हार पल्टन, सुभाष मार्ग, अर्जुन पलटन, छिपा बाखल, जूना रिसाला गली नंबर 1 व 2, अमन चौक, कमेटी हाल, अहिल्या पल्टन और बड़वाली चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा, एसीपी विवेक सिंह, थाना प्रभारी मल्हारगंज वेदेन्द्र कुशवाह और थाना प्रभारी सदर बाजार यशवंत बड़ोले मय बल के साथ शामिल हुए। पुलिस प्रशासन ने जनता से त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

## भंगार खरीदने की बात पर विवाद,डंडे से पीटा, जान से मारने की धमकी

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में भंगार खरीदने के वर्चस्व को लेकर दो कबाड़ियों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। एक कबाड़ी ने दूसरे को अपने इलाके से सामान न खरीदने की चेतावनी देते हुए बांस के डंडे से बुरी तरह पीट दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी विजय सालवे निवासी अभिनव नगर और आरोपी अमीन शाह निवासी नायता मुंडला दोनों ही भंगार का कारोबार करते हैं। घटना के समय विजय एक ट्रक वाले से पुराने ट्यूब खरीद रहा था। इसी दौरान अमीन शाह वहाँ पहुँचा और विजय को धमकाते हुए बोला कि 'तू नायता मुंडला क्षेत्र से भंगार नहीं खरीदेगा।' विवाद बढ़ने पर आरोपी अमीन ने विजय को गालियां देना शुरू कर दिया और पास ही रखे बांस के डंडे से हमला कर दिया। हमले में विजय के बाएं हाथ, सिर और कान पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

## 1 किलो गांजे के साथ तस्कर को दबोचा,2 लाख रुपये का माल जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

पलासिया पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 किलो 24 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा और एक बाइक सहित करीब दो लाख रुपये का मशरुका जब्त किया है।

### खजराना सर्विस रोड पर पकड़ाया आरोपी

पुलिस के मुताबिक, पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान खजराना सर्विस रोड पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। टीम ने पीछा कर उसे पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम अजय कैथवास निवासी बिनोबा नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ।



### आदतन अपराधी है आरोपी

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सस्ते दामों में गांजा खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक कीमत पर बेचता था। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी के सप्लाई नेटवर्क और अन्य जुड़े लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

# शोरूम से बोलेरो चुराने वाली गैंग पकड़ाई, 4 आरोपी फरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देपालपुर इलाके में एक हफ्ते पहले एक शोरूम से नई एसयूवी चुराने की वारदात में पुलिस ने चोर गैंग को पकड़ लिया। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। 4 आरोपी अभी फरार है। गिरफ्तार बदमाशों से पुलिस अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

चोरी की वारदात थाना देपालपुर इलाके में इंदौर-देपालपुर रोड स्थित महेंद्र शोरूम पर 22 फरवरी की रात को हुई थी। शोरूम के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश नई गाड़ी चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर चोरी हुई गाड़ी बरामद कर चोरी का खुलासा किया है। इस वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के नाम सतीश पिता कैलाश ग्रावर, अजय पिता लक्की योगी, आकाश पिता दीपक वर्मा, शेरु पिता आसाराम ओसारी और एक नाबालिग है। जब्त गाड़ी गाड़ी की कीमत 9 लाख 32 हजार रुपए है। टीआई रंजित सिंह बघेल के मुताबिक मुख्य आरोपी सतीश फरार है। उसका आपराधिक रिकॉर्ड भी दर्ज है। आरोपियों ने अपने अन्य साथी बबलू, विकास, अनिल और सुभाष के नाम भी बताए हैं, जो अभी फरार है।



### खेत में छिपा दी थी चोरी की गाड़ी

वारदात के बाद बदमाशों ने चुराई गई गाड़ी एक खेत में छिपा दी थी। आरोपी भी वहीं खेत में मजदूरी करते थे। मुख्या आरोपी सतीश किसी काम से देपालपुर आया था तो उसने शोरूम में खड़ी गाड़ी की रैकी की थी। वारदात के समय शोरूम पर कोई चौकीदार नहीं था। आरोपियों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर सौंपा है। पुलिस गिरोह के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।